# मध्यप्रदेश बैरवा सांस्कृतिक परिषद् उज्जैन

## वार्षिक प्रतिवेदन
## 2007-08

मध्यप्रदेश बैरवा सांस्कृतिक परिषद् लगातार अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु निरन्तर कार्य कर रही है जिसके अन्तर्गत शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति का विद्यालय संचालित किया जा रहा है जो अपनी प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर होते हुए अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है। साथ ही सामाजिक चेतना लाने की दृष्टि से समय-समय पर विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं जिसमें महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, लेदर वर्क, खिलौना निर्माण, ब्युटी पार्लर, आर्टिफीशियल ज्वेलरी निर्माण व पुरुषों को सुतारी प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न सन्तों की जयन्तियाँ, चेतना शिविर, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, अनुसूचित जाति की प्रतिभाओं का सम्मान, बुजुर्गों का सम्मान एवं समाज में चेतना लाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्य किये गये।

Scanned with CamScanner

१. **१४ अप्रैल २००७**

भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से विद्यालय परिसर में मनाया गया।



भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर सम्बोधित करते हुए

२. **५ जून २००७**

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनुसूचित जाति बस्ती मायापुरी, हीरामिल की चाल में निवास करने वाले ७०० लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य सम्बन्धी परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के डॉक्टरगण उपस्थित थे।

३. **१८ जुलाई २००७**

विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को पाठ्यसामग्री एवं गणवेश का वितरण वरिष्ठ समाजसेवी श्री जगदीशजी अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.एल. मुजालदा के आतिथ्य में वितरण किया गया।



अतिथियों पाठ्यसामग्री एवं गणवेश वितरित करते हुए

Scanned with CamScanner

## ४.	१५ अगस्त २००७






स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर भव्य झण्डा वन्दन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति भी दी गयी।

## ५.	३० अगस्त २००७

विद्यालय परिसर में गणवेश वितरण हेतु पूर्व विधायक व वरिष्ठ समाजसेवी श्री शिवाजी कोटवानी के आतिथ्य में वितरण किया गया एवं विद्यालय में पधारने पर क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मन्त्री द्वारा भी गणवेश वितरण की गयी।



अतिथियों द्वारा गणवेश वितरण

## ६.	सितम्बर २००७

गणेश चतुर्थी के अवसर पर विद्यालय में गणेश चतुर्थी उत्सव मनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।



गणेश चतुर्थी के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थी

Scanned with CamScanner

## ७. अक्टूबर २००७



उच्च शिक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए संस्था अध्यक्ष

उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा राज्य मन्त्री श्री पारसजी जैन विद्यालय की गतिविधियों से प्रभावित होकर विद्यालय में पधारे एवं छात्र-छात्राओं से चर्चा कर विद्यालय की प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्री टटवाल ने उनका स्वागत किया।




पटाखे वितरित करते हुए संस्था अध्यक्ष

**८.** दीपावली के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पटाखे व मिठाईयों का वितरण कर दीपावली महोत्सव मनाया गया।

## ९. ६ दिसम्बर २००७




पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम

अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बाबा साहेब के जीवन के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गयी।



प्रमाण पत्र व राशि वितरण करते हुए

**१०.** संस्था द्वारा स्वर्ण जयन्ती शहरी स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं व पुरुषों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये गये। इन समस्त

Scanned with CamScanner

कार्यक्रमों में जिला शहरी अभिकरण प्रमुख श्री पाठक, श्री जैन, श्री प्रदीपजी सेन, नागदा नगर निगम अध्यक्ष श्री बालेश्वर दयाल, पार्षदगण, नगर निगम सीईओ, समन्वयक अधिकारी श्रीमती इन्दु जैन आदि सम्मिलित हुए।



प्रशिक्षण सम्बन्धी जानकारी देते हुए



प्रशिक्षण सम्बन्धी जानकारी देते हुए



प्रशिक्षण सम्बन्धी जानकारी देते हुए

## ११. २६ जनवरी २००८

गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में भव्य झण्डा वन्दन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गयीं।

## १२. ४ फरवरी २००८

विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें पूर्व केन्द्रीय मन्त्री डॉ. सत्यनारायण जी जटिया उपस्थित हुए जिनका स्वागत सम्मान विद्यालय परिवार व क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा



अतिथियों का भव्य स्वागत

Scanned with CamScanner

किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं एवं सांसद महोदय द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि भी वितरण की गयी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गये। विद्यालय की समस्त गतिविधियों का अवलोकन भी सांसद महोदय द्वारा किया गया।



पुरस्कार वितरण करते हुए आदरणीय जटिया जी



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएँ



सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लेते हुए अतिथिगण



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएँ



आमन्त्रितों व विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए जटियाजी



उपस्थित छात्र-छात्राएँ एवं पालकगण



विद्यालय की जानकारी डॉ. जटिया को देते हुए संस्था अध्यक्ष

Scanned with CamScanner